आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 18.11.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री जी20 शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ब्राजील के शहर रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। शिखर सम्मेलन से अलग श्री मोदी के विश्व नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें करने की भी उम्मीद है। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इससे पहले, नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत अब सुविधा में जीने की स्थिति से बाहर निकल कर नवाचार को अपना रहा है और विकास के लिए नए रास्ते बना रहा है, जो उसकी शानदार पहचान बन चुके हैं। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में अब डेढ़ लाख से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप्स हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दशक में ऐसी एक सौ से ज्यादा स्टार्टअप कंपनियां स्थापित हुई हैं जिनका मोल एक अरब से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले दशक में भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 2 लाख करोड़ डॉलर जोड़े है।

उज्जैन मेडिकल कॉलेज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 नवंबर को उज्जैन में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करेंगे । सिंहस्थ-2028 की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे प्राथमिकता से पूर्ण किया जायेगा। उज्जैन मेडिकल कॉलेज करीब 15 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसकी कुल लागत 592 करोड़ रुपए है। उज्जैन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल

की क्षमता 550 बेड की है। यहाँ एमबीबीएस छात्रों के लिए 100 सीटों का प्रावधान किया जा रहा है । राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ ने बताया कि उज्जैन मेडिकल कॉलेज से आसपास के इलाकों को भी फायदा मिलेगा.

नगरीय निकाय और पंचायत उपचुनाव

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और पंचायतों के रिक्त पदों पर उप-निर्वाचन के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, आज निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गयी । इसी के साथ नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है । नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर है। नामांकन पत्रों की जांच 26 नवम्बर को की जायेगी। 9 दिसम्बर को मतदान होगा। मतगणना एवं परिणाम की घोषणा 12 दिसम्बर को की जायेगी।

छतरपुर जांच

छतरपुर में जिला प्रशासन द्वारा खाद की अवैध कालाबाजारी रोकने और किसानों को सुचारू रूप से खाद उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। ईशानगर के गोदाम एसडीएम और कृषि अधिकारी द्वारा विभिन्न प्रकार की खाद की कुल 557 बोरी बोरियां जप्त की गई। जिसकी कीमत लगभग 4 लाख रुपए से अधिक है ।

दूरदर्शन-डीजी का निधन

भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव शहजाद मोहम्मद खान का निधन हो गया है। वह 67 वर्ष के थे। 1982 बैच के आई आई एस अधिकारी, श्री खान ने दूरदर्शन न्यूज के महानिदेशक के रूप में भी काम किया था।

मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में सर्द हवाएं चलने से सर्दी का असर तेजी से बढ़ रहा है। इस वजह से अब स्कूलों का समय भी बदला जा रहा है। भोपाल में कई प्राइवेट स्कूलों ने 30 मिनट तक समय बढ़ा दिया है। मौसम विभाग ने बताया कि 20 नवंबर के बाद सर्दी का असर और बढ़ेगा। पहाड़ी हवाओं और पश्चिम विक्षोभ की वजह से पिछले एक सप्ताह से कई शहरों में रात का तापमान लुढ़का है। भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तापमान सामान्य से 2 डिग्री तक कम है। वहीं, ग्वालियर-इंदौर में सामान्य के बराबर है।

समाचार संक्षेप में...

1. उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट शरद ऋतु के कारण कल रात बंद कर दिए गए। इस अवसर पर बद्रीनाथ मंदिर को गेंदे के फूलों से सजाया गया था।

2. 68 वीं राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से उज्जैन में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारंभ अब से कुछ देर बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजवाड़ा क्रमांक 2 में होगा।

और

3. शिवपुरी जिले के खनियाधाना पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की नौ मोटर सायकलें बरामद की हैं।

....